प्रकाशक
श्री सन्मति ज्ञानपीठ
लोहामंडी आगरा

●

प्रथम प्रकाश
वि सं ० १६
मूल्य मात्र तीन रुपये पचास नये पैसे

●

मुद्रक
श्रीकृष्ण भारद्वाज
मनोहर प्रिंटिंग प्रेस
ब्यावर

मेरे जीवन के निर्माता, भद्रहृदय, परमसन्त,
मरुधरा-मंत्री स्थविर, पूज्यपाद तपोधन
स्वामीजी श्री हजारीमलजी महाराज
के
कर-कमलों मे

मधुकर मुनि

प्रकाशक की ओर से

सन्मति ज्ञानपीठ के सुन्दर और चमकीले प्रकाशनों का समाज में जो समादर हुआ है, जो प्रशसा हो रही है, उस पर हमें अभिमान तो नहीं, परन्तु गहरा सन्तोष अवश्य है।

ज्ञानपीठ ने आज तक जो साहित्य सेवा की है, वह उदार एव निष्पक्ष भाव से की है। यह सब श्रद्धेय उपाध्याय कविरत्न श्री अमरचन्द्रजी महाराज की उदात्त प्रेरणा और दिशा-दर्शन का ही सुफल है।

'जय-वाणी' के रूप में एक नव्य एव भव्य प्रकाशन प्रेमी पाठकों के कर-कमलों में समर्पित है। प्रकाशन कैसा है? यह मै क्या कहू? पाठक स्वय ही इसका निर्णय कर सकेंगे।

'जय-वाणी' राजस्थान के एक महान् तप'पूत सन्त की अमर कृति है। भाषा कैसी है? इसकी अपेक्षा उसमें भाव कैसे हैं? इस पर यदि ध्यान दिया गया, तो निश्चित ही पाठक प्रस्तुत काव्य-सागर में से चमकीले मोती पा सकेंगे। त्याग और तपस्या के तथा विचार और विवेक के रत्न-कण पा सकेंगे।

श्रद्धेय पूज्य श्री जयमलजी महाराज कौन थे, कहा के थे, कैसे थे? इस सम्बन्ध में प्रेमी पाठक उपाध्याय श्री जी महाराज की भूमिका को पढकर अपनी जिज्ञासा को शान्त कर सकेंगे।

प्रस्तुत ग्रन्थ का सम्पादन, सकलन और आकलन पण्डित प्रवर श्री मिसरीमलजी महाराज 'मधुकर' ने किया है। राजस्थान के सन्तों में 'मधुकर' जी म० का अपना एक विशिष्ट स्थान है-विचार से भी और आचार से भी। प्रस्तुत सम्पादन में आपके पाण्डित्य की छाप स्पष्ट है। आप स्वयं भी एक कवि हैं। कवि होकर काव्य का आकलन करना—सौने में, सुगन्ध है। 'जय वाणी का

यह सुन्दर सम्पादन ज्ञानपीठ से प्रकाशित करते हुए मुझे महान् हर्ष है कि क्षेत्र-पक्ष से राजस्थानी तथा भाव-पक्ष से विश्व स्तर की यह अमर कृति राजस्थान के लोगों के लिये ही नहीं अपितु विश्व मानवता के लिए मंगलमय सिद्ध होगी।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन में श्रीमान् धीवराजजी चोरड़िया (मोखा-मद्रास) श्रीमान् चन्दनमलजी सुराणा (कुचेरा-सिकंदराबाद) श्रीमान् पारसमलजी मुकट (नागौर-हावड़ा) की ओर से क्रमशः ११००) ५) ५००) की सहायता मिली है, तदर्थ ज्ञानपीठ की ओर से उक्त बन्धु भूरि-भूरि धन्यवाद के पात्र हैं।

विजयादशमी
सं० २ १९

सोनाराम जैन
मन्त्री
सन्मति ज्ञानपीठ, लोहामंडी आगरा

कवि और कविता : एक मूल्यांकन . . .

●

भारतीय सस्कृति का मूल केन्द्र है—सन्त जीवन। सन्त जीवन से वढ़ कर यहा पवित्र अन्य कौन वस्तु है? सन्त क्या है? विचार में आचार, और आचार में विचार। सन्त का जीवन विवेक और क्रिया का-सुन्दर, सरस और पावन सगम है। भारतीय जन-चेतना सन्त की भक्ति करती है, सन्त की पूजा करती है, सन्त का समादर करती है। क्यों? क्योंकि सन्त के तप पूत जीवन से उसे प्रेरणा मिलती है, दिशा-दर्शन मिलता है। सन्त जीवन एक आलोक-स्तम्भ है, जिसके चारों ओर प्रकाश किरणें बिखर रही हैं। ससार अरण्यानी में भूले-भटके राही-उस आलोक को पाकर अपने गन्तव्य मार्ग का निर्णय करते हैं।

सन्त सस्कृति का प्रभाव बहु व्यापक है। काश्मीर से कन्या कुमारी अटक से कटक तक-भारत में सर्वत्र और सदा से सन्त जीवन का सौरभ फैलता रहा है। भारत का हर प्रान्त सन्त प्रेरणा से अनु-प्राणित रहा है। दक्षिण भारत के सतेज सन्त जीवन से कौन प्रभावित न होगा? गुजरात और महाराष्ट्र के सन्तों की ज्योति से कौन इन्कार करेगा? उत्तर-भारत और मध्य-भारत के सन्तों के अमर जीवन सगीत को कौन न सुनेगा? पजाव के सन्तो की जीवन गाथा को किसने नहीं सुना?

और राजस्थान? वह तो एक प्रकार से सन्तों का देश ही है। रण-बाकुरे राजस्थान के वे अल-बेले मस्त सन्त जो अपनी जीवन ज्योति से जन-जन के मन को जागृत करते रहे,—कौन उन्हें भुला सकेगा? वह राजस्थान, जिस में मीरा जन्मी थी, जिस में उत्पन्न मीरा की स्वर-लहरी सम्पूर्ण भारत मे बिखर गई थी। सन्त दादू की वह उदात्त विचार धारा, जिस से राष्ट्र कवि रविन्द्र भी प्रभावित थे वीर राजस्थान के उन अध्यात्म वीर सन्तों की अमर देन चिर-नवीन है। राजस्थान अमर है। जब तक उसके सन्तों की वाणी का जादू-भरा स्वर उसके कण कण में मुखरित है। राजस्थान के अमर सन्तो ने भारतीय सस्कृति को अपनी राजस्थानी भाषा में जो विचार सम्पत्ति दी है, वह इतिहास में अमर है। अमर रहेगी।

राजस्थान के उन्हीं तेजस्वी एव जीवन-सगीत के उद्गाता सन्तों में से एक तप -पूत अमर सन्त का परिचय हम इन पृष्ठों में देना चाहते हैं। जिसने उभरते

यौवन में ब्रह्मचर्य के असि-धारा-व्रत को अंगीकार किया कौटुम्बिक मोह को विश्व प्रेम में परिवर्तित कर दिया और जीवन के प्रत्येक क्षण को आत्म-संशोधन की प्रक्रिया में व्यतीत करते हुए भी माता सरस्वती के मन्दिर में अपनी श्रद्धा की एक सुरभित सुन्दर प्रसूनाञ्जलि समर्पित की। इस प्रसूनाञ्जलि से हमारा आशय उनकी प्रस्तुत रचना-संग्रह 'जयवाणी' से है। परन्तु पाठक-मधुकर इस प्रसूनाञ्जलि के पुष्प पराग का पान कर आप्यायित हों इसके पहले ही उसके शिल्पी सम्पर्क सन्त का संक्षिप्त जीवन परिचय देना अस्वाभाविक न होगा।

आचार्य श्री जयमलजी महाराज ने अपने पुण्य-जन्म से मरुप्रदेश के 'लांबियाँ' ग्राम को अलंकृत किया था। इनके पिता का नाम 'मोहनदास' तथा माता का नाम 'महिमा' बाई था। एक सम्भ्रान्त परिवार की कन्या लक्ष्मी के साथ बाईस वर्ष की अवस्था में उनका विवाह हो गया था। गौना होने वाला था कि किसी कार्य-वश वे 'मेड़ता' पहुँचे। वहाँ पूज्य श्री 'भूधरजी' महाराज के उपदेश सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महाराज श्री के श्रीमुख से उन्होंने सुदर्शन सेठ के ब्रह्मचर्य व्रत की अनन्य निष्ठा का संगीत सुना और फल स्वरूप वह वि सं १७८८ अगहन बदी दूज को दीक्षा लेकर साधु हो गये। अत्यन्त विस्मयावह था उनकी भावनाओं का यह परिवर्तन। एक ओर पत्नी के द्विरागमन की तैयारी और दूसरी ओर समस्त कुटुम्ब परिवार के नेह मोह से मुँह मोड़ कर मुनिमार्ग को स्वीकार कर लेना। परन्तु महापुरुष एवं सन्तों की जीवन धाराओं की गति-विधि का क्रम कभी भी एक-सा यथास्थान दृष्टि गोचर नहीं होता है। फल स्वरूप श्री जयमलजी महाराज की इस भाव-धारा को भी हम प्रस्तुत सन्त जीवन धारा से अपृथक रख कर ही देख रहे हैं और इसी कारण हमें उनका इस भाव परिवर्तन तनिक भी विस्मय विमुग्ध नहीं कर रहा है। अस्तु

नव दीक्षित साधु श्री जयमलजी महाराज ने दीक्षा लेते ही अपने जीवन-संशोधन की तैयारी प्रारंभ करदी। उन्होंने सोलह वर्ष तक अविराम एकान्तर तप का आचरण किया जिसमें एक दिन का उपवास तो एक दिन आहार लेने का क्रम चलता रहा। इतना ही नहीं वे अपने गुरु के स्वर्गारोहण के दिन से लेकर पचास वर्ष तक कभी भी लेट कर नहीं सोये। इस निरन्तर त्यागमयता एवं कठोर साधना से न केवल उन्होंने अपने अखण्ड ज्योतिर्मय आत्म-स्वरूप का विकास ही किया अपितु जनमन-विकासी उपदेश एवं काव्य-रचना द्वारा जन-साधारण एवं साहित्य की भी अपूर्व सेवा की।

अपने जीवन के अन्तिम क्षणों का आचार्य प्रवर को पहले से ही आभास हो गया था। फलत उन्होंने शाश्वत शान्ति लाभ की कामना से एक मास की निरन्तर समाधि (सथारा) स्वीकार की और वि० स० १८५३ की वैशाख शुक्ला चतुर्दशी की पुण्य वेला मे नश्वर शरीर का उत्सर्ग किया और मरुभूमि की इस धर्म प्राण जनता के सरस मानस को अपने वियोग से सहसा मरुभूमि-सा ही विरस बना दिया।

प्रस्तुत रचना, जिसका नाम जयवाणी है, इन्हीं आचार्य श्री जयमल्लजी महाराज की अनुपम कृति है। इसे (१) स्तुति, (२) सज्झाय, (३) उपदेशी पद तथा (४) चरित, चर्चा, दोहावली के रूप में चार खण्डों में विभक्त किया गया है।

'स्तुति' खण्ड मे उन्होंने अपने आराध्य देवों के सस्तवन में अपनी भक्ति-भाव-भरित अनेकश श्रद्धाञ्जलिया गुम्फित की हैं। 'सज्झाय' खण्ड में आत्म-स्वातन्त्र्य के मार्ग को प्रशस्त करने वाले अनेक गहन चिन्तनों को काव्यमयी भाषा में लिपिवद्ध किया गया है। इसी प्रकार 'उपदेशी पद' नामक खण्ड मे अनेक आत्म-विकासी एव मानवीय नैतिक धरातल को समुन्नत करने वाले उप-देश सहज-सुबोध शैली में ग्रथित किये गये हैं। और अन्तिम खण्ड में जिन महान् आत्माओं के पावन चरितों को काव्यामृत से सिंचित एव भावित किया गया है, उनके जीवन्त चित्र आत्मा को असत् से सत् की ओर, तमस् से ज्योति की ओर एव मृत्यु से अमरत्व की ओर ले जाने की अपूर्व क्षमता रखते हैं। इसी भाति इस खण्ड की चर्चा एव दोहावली भी जीवन के अनेक उत्कर्ष-विधायक तत्त्वों से आपूर्ण है।

यहा सक्षेप में श्री जयमल्लजी महाराज की अमर वाणी के काव्य सौंदर्य तथा उसकी मूलगत भावना के सम्बन्ध में प्रकाश डालना अनुपयुक्त न होगा।

पूज्य श्री जयमल्लजी महाराज का सन्त कवि हृदय श्री सीमधर स्वामी (विदेह क्षेत्र के एक विद्यमान तीर्थङ्कर) का सस्तवन करता हुआ उनके पुण्य स्मरण पर बल देता है और एक स्थल पर कहता है —

"राच रहा मिथ्यामत माही,
ए रुले जीव चारू गति माही।
भूला ने आणे ठामी,
सुमरो श्री सीमधर सामी॥"[1]

---

1 जयवाणी पृ० स० १३ (८)

कवि का आशय है कि यह जीवात्मा अनादिकाल से संसार परिभ्रमण करता हुआ चारों गतियों के असह्य दुःखों को भोग रहा है। दुःखों की ज्वाला में झुलसते रहने पर भी यह उसके मूल कारण की तह तक पहुँच नहीं पाता। फलतः मिथ्या मार्ग अपनाता रहता है और दुःखों की परम्परा उसका पिण्ड नहीं छोड़ती। कवि को जीवात्मा की इस स्थिति का यथार्थ परिचय है। यही कारण है कि वह सीमन्धर स्वामी के पुण्य स्मरण को उसके दुःखों के प्रतीकार का अमोघ साधन बतलाता है।

कवि श्री सीमन्धर स्वामी को आत्म एवं पर पदार्थों के यथार्थ स्वरूप का बोध कराने वाली दृष्टि का दान करने वाला निष्कलंक आत्मा मानता है और संसारी जीवात्मा की दुःख गाथा का मूल कारण उसकी अपनी आत्म-स्वरूप की विस्मृति मानता है। अपने आत्म स्वरूप का विस्मरण करने के कारण ही वह आत्मा पर पदार्थों से राग करता है, उनमें ममत्व बुद्धि रखता है उन्हें सुख का कारण मानता है और अन्त में सुखी न होकर स्वयं संक्लिष्ट होता है।

कवि सम्यग्दृष्टि है। उसका तत्त्वदर्शन सम्यक् है और जीवात्मा से भी वह यही अपेक्षा रखता है कि वह भी आत्म एवं पर का सम्यग्दर्शन करे और फिर पर-संग से मुक्त होकर आत्मा के सहज सुख स्वरूप को प्राप्त करने की चेष्टा करे। अतः इस प्रकार की दृष्टि का दान दृष्टि-सम्पन्न आत्मा से ही मिल सकता है अतः इसका श्री सीमंधर स्वामी का उक्त गुणगान वस्तुतः बड़ा ही अन्वर्थ है जो स्वयं कवि की भी सम्यग्दृष्टि-सम्पन्नता को इंगित करता है।

एक स्थल पर कवि ने साधु के व्यक्तित्व का बड़ा सजीव चित्र प्रस्तुत किया है। उसका शब्द चित्र देखिए:—

> "एक एक मुनिवर परचाली चाले है अमृत वेण।
> राग न द्वेष कहसू नहीजी मन्न चीवरा सेण॥
> कांकर टाकर सम गिणजी सम गिणे धातु पाषाण।
> दया क्रिया समता गिणजी नहीं कुशासन काम॥
> बोलक वेरत भावनेजी बोलक मिरत भाव।
> बोलक वरत कावनजी राग रोष न मन मांय॥

अर्थात् साधु अपने अन्य असाधारण गुणों के अतिरिक्त मित-मित एवं सुधारस मधुर भाषा भी होता है। किसी भी प्राणी से राग-द्वेष नहीं करता है

१ भवभावनी पृ सं ३२ (२४ २५ २६)

और सब जीवों को समदृष्टि से देखता है। उसे मधुर तथा अमधुर रस में हर्ष-विषाद नहीं होता और सुवर्ण एव पाषाण को भी वह समान दृष्टि से ही देखता है। चाहे कोई उसकी निन्दा करे, चाहे स्तुति करे तथा चाहे उसे किसी प्रकार की शारीरिक पीडा भी क्यों न पहुँचावे, वह अपने मन में तनिक भी राग-रोष नहीं करता है।

साधु के जीवन का भला इससे अधिक व्यावहारिक आदर्श और क्या हो सकता है।

उनकी श्रद्धा में परिग्रह के प्रति तनिक भी आसक्ति नहीं है। वह परिग्रह को कर्म बन्धन का कारण और ससार परिभ्रमण का बीज मानते हैं और मानते हैं कि इसके परित्याग के बिना यह आत्मा सदा सुखी नहीं हो सकता।

सन्तों के सामान्य परम्परा-गत मत के अनुरूप ही उनका भी मत है कि ससार के बड़े से बड़े सग्राम कनक एव कामनी के कारण ही हुए हैं, कोई बिरला ही आत्म-जयी सन्त मोह-ममता को तोड़ कर इससे मुक्त रह सके हैं।

इसीलिये उन्होने कहा है कि आज के युग में बड़े से बडा योगी और यति भी, जो अपने को साधु कहलाने में गौरव एव गर्व का अनुभव करता है इस परिग्रह पिशाच के वशवर्ती होकर पता नहीं, कितने जघन्य अपराध करता है। स्वय कवि के शब्दों में ही उनका आशय देखिये —[1]

"कर्मतणो बध परिग्रहो ए, पटकावे ससार के ।
चारों ही गति माही ए, त्याग्यां हुवे भव पार के ॥
कनक कामनी कारणे ए, हुवे घणा सग्राम के ।
सत केई वच गया ए, तिण राख्यो मन ठाम के ॥
बडा बडा जोगी जति ए, नाम धरावे साध के ।
इण धन रे कारणे ए, करे घणा अपराध के ॥"

कवि की दिवाली भी अलौकिक दिवाली है। उन्होंने 'दीवाली' शीर्षक रचना में उसका बडा ही भावपूर्ण चित्र अङ्कित किया है।

कवि का कथन है कि यदि दिवाली मनानी है तो दया रूपी दीपक मे सम्यक्त्व रूपी ज्योति को प्रज्वलित करना चाहिये (कर्माश्रव-निरोध) रूपी आवरण से उसे आवृत किया जाय। इस स्थिति में आत्मा के साथ सबद्ध कर्म चक्र विगलित होगा और केवल ज्ञान का प्रकाश आलोकित हो उठेगा। दिवाली की

---

१ जयवाणी पृ० सं० ३७ (६२, ६६, ६६)

'चेतन ! चेत' नामक रचना में एक स्थल पर जाति-वाद की स्पष्ट शब्दों में भर्त्स्ना करते हुए कहा है कि जो आत्मा उच्च-कुल में जन्म लेने पर भी जघन्य आचरण करता है, उसे उच्च-कुलीन नहीं कहा जा सकता है। साथ ही जो आत्मा नीच कुल में जन्म लेने पर भी उच्च आचरण करता है, उसे उच्च-कुलीन ही माना जाना चाहिए। केवल ऊंच तथा नीच कुल में जन्म लेने से आत्मा ऊंचा अथवा नीचा नहीं कहलाता।
कवि की विवेक-वाणी सुनिए —[1]

> "ऊंचे कुल आय ऊपना रे,
> एतो हुआ रहे बड नींचो रे।
> माठा करतव लम्पटी अति घणा,
> ते तो लक्षण कहीजे नीचो रे॥
> नीचे कुल आय ऊपना,
> पिण ज्ञान विवेक शुद्ध धारो रे।
> तिका नीचा ही ऊंचा कह्या,
> सुद्ध समकित पामी सारो रे॥"

'मूरख-पच्चीसी' में कवि ने संसार-मूढ मानव को आत्म हित साधन का बड़ा ही दिव्य सन्देश दिया है। उन्होंने कहा है—"रे जडात्मन् ! तुझे इस संसार में अत्यन्त जागरूक एवं सावधान रहकर आत्म-कल्याण की साधना में संलग्न रहना चाहिए। क्योंकि जब काल झपट कर तुझे ले चलेगा, उस समय तेरे सगे स्नेही, पुत्र-पौत्र, पिता-काका, माता, बन्धु-बान्धव एवं स्नेही सब देखते ही रह जायगे-कोई भी तुझे संरक्षण नहीं दे सकेगा। फिर तू क्यों इन सबसे आत्मीय बुद्धि रखकर आत्म-हित-साधन से विमुख हो रहा है ?" कवि के शब्दों में ही उनका मङ्गलमय सन्देश सुनिए। वह कहते हैं —[2]

> "सगा सनेही बेटा पोतरा,
> काका बाप ने माय।
> बंधव त्रिया रे देखता रहे,
> जब काल झपट ले जाय॥"

इसलिए कवि की संबोधना है कि-आत्मन् ! जब तक तेरी इन्द्रियां शिथिल नहीं हुई हैं, तेरे शरीर मे जरा ने आकर बसेरा नहीं किया है और रोग

---

१ जयवाणी पृ० सं० १२० (६, १०)। २ पृ० सं० १४० (३)।

"मामल महाराजा, ब्राह्मण छाडी हो,
रिध मती आदरो।
राजा का मोटा भाग,
वमिया आहार की हो,
वाछा कुण करे?
करे छे,
कूतरो ने काग ॥मा०॥

काग ने कुत्ता मरीखा,
किम हुवो,
नहीं प्रममवा जोग।
भृगु पुरोहित अथ तज नीमर्यो,
थे जाणो आसी म्हारे भोग ॥मां०॥

सकल्प कियो पाछो किम लीजिए,
माभलजो महाराज ।
दान दियो थे पेला हाथ सू,
पाछो लेता नहीं आवे लाज ॥मा०॥

जग मगला गे हो धन भेलो करी,
घाले थारा राज रे माय ।
तो पण तृष्णा हो राजाजी पापणी
कदे तृप्ति नहीं थाय ॥मा०॥

एक दिन मरणो हो राजाजी यदा तदा,
छोडो नी काम विशेष ।
बीजो तो तारण जग मे को नहीं,
तारे जिणजी गे धर्म एक ॥मां०॥"[1]

आगे चल कर रानी स्वयं कहती है—राजन् तोते को आप भले ही रत्न-जड़ित पिंजडे मे बन्द कर दें, परन्तु वह उसे बन्धन ही समझता है। यही दशा मेरी भी है। आपकी यह इन्द्रोपम राज्य-विभूति भी मेरे लिए बन्धनमय ही है और मुझे एक क्षण के लिए भी इसमें रति एवं आनन्द की उपलब्धि नहीं हुई। अब राजन! इस व्यावहारिक स्नेह-बन्धन को तोड़ने के लिए और उससे सदा के लिए अबद्ध रहने के लिए मैं विरक्त होकर संयम को स्वीकार कर रही हूँ।

---

[1] जयवाणी पृ० स० १६३ (६-१०)।

आप भी शूर-वीर बनकर इसी मार्ग को अंगीकार कीजिए। रानी का सुचिन्तित विवेचन सुनिए वह कहती है —

"रक्तरंजित हो राजाजी सिंवरो
सुणो तो आखे है फेर।
इसकी पग हूं थांरी राज में
रति न पाऊं भावेर॥
स्नेह रूपिया तांतां तोड़ने
मोर बंधन सूं रहसूं दूर।
विरक्त थई ने संजम मैं मई
थे भी पग होय आज्यो सूर॥

भगवान नेमिनाथ के चरिताङ्कन में कवि ने बड़ी हृदय-द्रावक करुणा की धारा प्रवाहित की है। भगवान् नेमिनाथ जब अपने पाणि-ग्रहण को जाते समय बन्दी पशुओं का करुण क्रन्दन सुनते हैं तो उनका हृदय करुणा से आप्लावित हो जाता है और वह कह उठते हैं —

परणीजण में पापज-मोटो
जीव हिंसा से उपज खोटो।
प तो ईसे परतख तोटो
तो केई दयाधर्म रो चोटो॥

वह तुरन्त बन्दी पशुओं को मुक्त कर देते हैं और स्वयं भव-भोगों से विरक्त होकर मुक्ति श्री को वरण करने की तैयारी करने लगते हैं।

बन्दी पशु-पक्षियों के मुक्त हो जाने पर भगवान नेमीश्वर के लिए वे जिस आत्मीयता के साथ आशिष् देते हैं कवि ने इसका बड़ा ही हृदयग्राही चित्रण किया है। पशु-पक्षियों की आशिष् सुनिए —

"गगन जातां जीव देवे आसीस क,
पशु ने पंखिया कलजीरा।
आरण ! चिर चिरंजीव जो
अधिकारी सुम आप से मात के,
पुत्र रतन चिर जयसिंगो।

---

१ चन्दनबाला पृ॰ सं॰ १८४ (१५ १६)। २. पृ॰ सं॰ ११६ (२)।
३ पृ॰ सं॰ २२६-२२७ (डाल-१८)।

स्वामी ! थे सारिया, अम्ह तणा काज के,
तीन भवन रो पामजो राज के-
शील अखंडित पालजो ॥"

नेमीश्वर के दीक्षा लेते ही राजुल के जीवनाकाश में शोक के मेघ छा जाते हैं। उसके मनमें भगवान् नेमि के दर्शन की तीव्र उत्कण्ठा जाग्रत हो उठती है और वह उन तक अपना उपालभ भेजने तथा उनका पत्र लाने के लिए, देखिए-किस प्रकार अपनी सखियों को फुसलाती है—

"तरसत अखिया हुई द्रुम-पखिया !
जाय मिलो पिवसू सखिया !
यदुनाथजी रे हाथ री ल्यावे कोई पतिया,
नेमनाथजी-दीनानाथजी ॥
जिणकू ओलंभो एतो जाय कहणो,
थे तज राजुल किम भये जतिया ?
जाकू दूगी जरावरो गजरो,
कानन कू चूनी मोतिया ॥
अगुरी कू मूदड़ी, ओढण कू फमड़ी,
पेरण कू रेशमी धोतिया ।
महल अटारी, भए कटारी,
चद - किरण तन दामंतिया ॥"[१]

जब राजुल की माता उसे आश्वस्त करती है तो वह उत्तर में जो कुछ कहती है वह उसकी दृढ नेमि-निष्ठा एव महनीय शील का द्योतक है। कवि की वाणी में राजुल की उक्ति सुनिए—[२]

"किन के शरणें जाऊ, नेम बिना किनके शरणे जाऊ ।
इण जग माय नहीं कोई मेरो, ताकि मैंज कहाऊ ॥ नेम० ॥
मात पिता सुण सखी सहेल्या, लिख कर दूत पठाऊ ।
किण गुन्हे मोय तजी पियाजी मैं भी सदेशो पाऊ ॥ नेम० ॥
मैं तो पल एक सग न छोडू , छोड कहो किहां जाऊ ।
अब टुक धीरप-रथ हांको, चातो मैं भी थारे लार आऊ ॥ नेम० ॥"

---

१ जयवाणी पृ० स० २२६-२३० (ढाल-२३)
२ जयवाणी पृ० स० २३१ (ढाल-२६)

राजुल सर्वात्मना भगवान की अनुगामिनि होना चाहती है। अतः वह अपनी माता से निवेदन करती है कि वह इसके सम्बन्ध में किसी प्रकार का दुख न करे। वह अपनी माता से कहती है—

"मति मेरा दुख मत कर जननी।
मैं जाऊंगी गिरनार।
दीक्षा लूंगी भव तरणी॥
अरि मात-पिता कुटुम्ब सखी सहेली।
करो क्षमा जननी।
अब रत्न की मांग यही,
मैं बनूं श्याम-भिखारी॥"[1]

इसी प्रकार मेघ-कुमार की चरित-वर्णना में विशेषतः उनकी दीक्षा कालीन वर्णना में कवि-वाणी बड़ी ही हृदय-द्रावियी हो उठी है। एक ओर मेघ-कुमार प्रफुल्ल दीक्षा होने के लिए पालकी पर सवार होते हैं तो दूसरी ओर उनकी माता एवं आठों नवयुवती रानियां करुणा विलाप करती हैं। पर सम्यग्दृष्टि मेघ कुमार उसी भांति निश्चल भाव से घर से बाहर निकलते हैं जिस प्रकार एक शूरवीर समराङ्गण के लिए निष्कम्प होकर निकलता है। नगर की कुल-वधुएं उनके इस विराग भाव पर नाना कल्पनाएं करती हैं। कवि ने इस दृश्य का अत्यन्त सजीव शैली में चित्रण किया है। देखिए, कवि ने लिखा है—

"मोटी बणाई इक शीबिका रे
मांहि बैठो छे मेघकुमार रे।
माता रो हियड़ो फाटे अति घणो रे,
विल विल कर रही आठो नार रे॥
बोलओ कायर रो हियो थरहरे रे॥
संयम लेवा चालू नीसर्यो रे,
जिम रण मांहि निकसे सूर वीर रे।
वाजित्र बाजे राग सुहावणा रे,
कायर इण ठाम होवे दलगीर रे॥
कोईक कामण सुकसु इम कहे रे
दीसे नाजरियो सुकुमाल रे।
कुटुम्ब कबीलो छिटकिय छोड़ियो रे,
छिटकिय छोड़ियो माया जाल रे॥"

---

१ जयवाणी पृ सं २११ (ढाल-२७)। २ पृ सं १७६ (ढाल-१)

एक एक कहे वारी जाऊं एहनी रे,
इण वैरागे छोड्यो घर-सूत रे ।
जोवन वय में सुन्दर परहरी रे,
राजा 'श्रेणिक-धारिणी' केरो पूत रे ॥
जोइजो समकित नो रस परगम्यो रे ॥"

इस प्रकार 'जयवाणी' की सम्पूर्ण रचनाए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र एव उसके प्रत्येक पक्ष को उन्नत, विकसित एव मङ्गलमय करने की पुण्य प्रेरणा प्रदान करती हैं। श्री जयमलजी महाराज ने राजस्थान में लोक-प्रिय अनेक राग-रागनियों एव छन्दों में इन रचनाओं को ग्रथित करके जन-सामान्य का बड़ा कल्याण किया है। काव्य के भावपक्ष एव कलापक्ष-दोनों दृष्टियों से इस सग्रह का बडा मूल्य है। आशा है, राजस्थानी साहित्य के क्षेत्र मे जयवाणी' एक अपना विशिष्ट स्थान ग्रहण करेगी और उसकी रचनाओं का समुचित मूल्याङ्कन होगा।

हम यहा पडितरत्न मुनिश्री मिश्रीमल्लजी मधुकर' को हार्दिक साधुवाद दिये बिना नहीं रह सकते, जो 'जयवाणी' के रचियता श्री जयमलजी महाराज की ही शिष्य परम्परा के हैं और जिन्होंने उनकी बिखरी हुई रचनाओं को एकत्र सयोजित करके पाठकों के करतलगत 'जयवाणी' का सुन्दर रूप दिया। हम आशा करते हैं कि वह इसी प्रकार की अन्य महनीय रचानाओं का भी सम्पादन करके उन्हें प्रकाश में लावेंगे और साधु समाज के सन्मुख श्रुत-सेवा का एक अनुकरणीय एव अभिनन्दनीय आदर्श उपस्थित करेंगे।

विजयादशमी
२०१६

—उपाध्याय अमर मुनि

अन्तर्दर्शन

प्रस्तुत पुस्तक 'जय-वाणी' स्वर्गीय आचार्य-वर श्री जयमलजी महाराज की रचनाओं का संग्रह है। आचार्यश्री की रचनाओं को एक संकलन में प्रकाशित करने की आवश्यकता थी। प्रस्तुत प्रकाशन में उस आवश्यकता की पूर्ति की गई है।

आचार्यश्री अपने समय के एक परम-पुनीत संत पुरुष थे। उनके जीवन के कण कण से वैराग्य-रस की धारा बहती थी।

आचार्यश्री का जन्म राजस्थान की मरु-धरा में हुआ था। आज बीसवीं सदी है। कुछ पीछे की ओर चलिये। सत्रहवीं सदी के उत्तरार्द्ध तक पहुँचिए। आचार्यश्री के जन्म का वही समय है। श्री आनन्दघनजी जैसे योगिराज, श्री देवचन्द्रजी जैसे पण्डित पुरुष और श्री यशोविजयजी जैसे प्रकाण्ड विद्वान् भी लगभग उसी समय की देन है।

आचार्यश्री का जन्म 'लांबिया' गांव में हुआ था। जोधपुर राज्य के अन्तर्गत मेड़ता से बीकानेर की ओर जाने वाले राज-पथ पर यह गांव बसा हुआ है। अपनी पुरातन प्रभा से प्रभासित यह लांबिया गांव आज भी उस पथ से आने जाने वाले पथिकों के लिये विश्राम-स्थल बना हुआ है।

वे बीसा ओसवाल थे। गोत्र उनका समदड़िया मेहता था। मोहनदासजी पिता और महिमादेवीजी उनकी माता थी। उनके एक अग्रज भ्राता भी थे जिनका नाम रिड़मलजी था। बाईस वर्ष की अवस्था में वे विवाह-सूत्र में भी बंध गए थे। उनकी धर्मपत्नी का नाम लक्ष्मीदेवी था।*

एक बार व्यापार के सिलसिले में वे अपने साथी सहभागियों के साथ मेड़ता गए। वहाँ उस समय स्थानकवासी जैन-समाज के अन्तर्गत आचार्य श्री

---

* 'जैन जयमल गुणमाला' के पृ. सं. में आचार्यश्री की जन्म तिथि सं. १७६५ की भादवा शुक्ला त्रयोदशी और उनकी विवाह तिथि सं. १७८८ की ज्येष्ठ शुक्ला नवमी अंकित की गई है।

धर्मदासजी महाराज की शाखा के प्रशासक पूज्य-प्रवर श्री भूधरजी महाराज विराज रहे थे। मेड़ता पहुचने पर उन्हे भी पूज्यश्री भूधरजी महाराज के दर्शन व उनके प्रवचन सुनने का सु-अवसर मिल गया। सवत् १७८७ वें वर्ष की कार्तिक शुक्ला चतुर्दशी की यह बात है। उस दिन श्री भूधरजी महाराज के प्रवचन में ब्रह्मचर्य व्रत की सुदृढता पर सेठ सुदर्शन के जीवन का प्रसग चल रहा था। उनके दिल पर पूज्यश्री के प्रवचन का प्रभाव बहुत गहरा पड़ा। सभवत वे प्रथम बार ही मुनिराजों की धर्म-सभा में पहुचे होंगे? फिर भी उनके हृदय में सयम ग्रहण करने की भावना प्रबल रूप से जागृत हो गई थी। इसीलिये तो उन्होंने वहीं बैठे बैठे आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत अगीकार कर लिया था। ब्रह्मचर्य व्रत की अंगीकृति के साथ साथ उन्होंने सयम ग्रहण किये विना मेड़ता से बाहर न निकलने की प्रतिज्ञा को भी अपना लिया था। अततो-गत्वा हुआ भी यही। सयम लेकर ही वे अपने गुरु महाराज के साथ मेड़ता से बाहर निकले थे। स० १७८७ की मार्गशीर्ष कृष्णा द्वितीया के दिन *उन्होंने श्रमण-जीवन में प्रवेश किया था। विवाह के षट् मासों के बाद ही वे श्रमण बन गए थे।

उस समय की मारवाड़ी प्रथा के अनुसार विवाह के बाद श्वशुरालय में समागता पत्नी कुछ दिनों के बाद तुरन्त पीहर चली जाती थी। उस समय यह भी एक प्रथा थी कि शादी के बाद आने वाले प्रथम श्रावण व भाद्रपद में श्वश्रू और वधू साथ साथ नहीं रह सकती थी। शायद अभी भी यह प्रथा कहीं कहीं पर चल रही है। हा, तो विवाह के बाद कुछ दिनो तक श्वशुरालय में रहकर लक्ष्मी देवी अपने पीहर चली गई थी। उसका पुनरागमन होने ही वाला था कि इसी बीच जयमल्लजी साधु हो गए। पति के गृह-त्याग कर देने पर लक्ष्मीदेवी ने भी सयम ग्रहण कर लिया।

यद्यपि जयमल्लजी के प्रति उनके माता पिता व अग्रज भ्राता के अत करण में अत्यधिक ममता थी परन्तु उनकी दृढता पर उनको उन्हें सयम लेने की अनुमति देनी ही पडी।

अपनी कुशाग्र-बुद्धि के कारण अतीव अल्प समय में ही उन्होंने श्रमण-सूत्र याद कर लिया था। इसलिये सात दिनों के बाद ही उनकी बडी दीक्षा 'विकरणिया' गाव के बहिरवस्थित वट वृक्ष के नीचे हो गई।

श्रमण-जीवन में प्रवेश करते ही आचार्यश्रीजी ने एकान्तर तप की

---

*पूज्य जयमल्ल गुणमाला द्वि० सं० के अनुसार सं० १७८८ की मार्गशीर्ष कृष्णा द्वितीया।

आराधना प्रारम्भ कर दी थी। जब तक पूज्यश्री भूधरजी महाराज विराजमान रहे उनकी यह साधना निराबाध गति से निरंतर चलती रही। आपकी दीक्षा से सोलह वर्ष बाद पूज्यश्री भूधरजी महाराज दिवंगत हुए थे।

मड़ता-रोड से विहार कर मेड़ता पधारते समय मार्ग में तृषा-परीषह के कारण वे इस मौलिक रोग से ग्रस्त हुए थे। उस समय पूज्यश्री भूधरजी महाराज के पांच उपवास की तपस्या थी।

अपने गुरु महाराज के स्वर्गवास के बाद आचार्यश्रीजी ने लेटकर निद्रा लेने का परित्याग कर दिया था। पूरे ५० वर्ष तक उन्होंने लेटकर निद्रा नहीं ली। अपने जीवन के अंत तक वे इस नियम पर आरूढ़ बने रहे

आचार्यश्रीजी का स्वर्गवास नागौर में हुआ था। सं. १८५३ के वर्ष की वैशाख-कृष्णा चतुर्दशी उनकी स्वर्गवास तिथि थी। आपको ११ दिनों का संथारा आया था। शारीरिक अस्वस्थता के कारण अपने जीवन के अन्तिम वर्षों में आप नागौर ही विराजमान रहे थे। संवत् १८ सौ के ४ वें वर्ष में आप नागौर पधार गए थे।*

आचार्य श्रीजी के चातुर्मास कहाँ कब हुए—

सोजत—सं. १७८८ १७९६, १८०६, १८०४ १८१९ १८४२।
नागौर—सं. १७९०
दिल्ली—सं. १७९१
मेड़ता—सं. १७९२ १७९८, १८०५, १८०९ १८००, १८२४ १८३०।
जोधपुर—सं. १७९३ १७९५, १७९७ १८ १८०१ १८१७, १८१९, १८२ १८२६ १८३१, १८३४, १८३६।
किशनगढ़—सं. १७९९ १८१२ १८ १ १८२ १८४०।
बोराबड़—सं. १८०८। जैतारण—सं. १८ ९।
पीपाड़—सं. १८११ १८३५। बीलाड़ा—सं. १८२२।
उदयपुर—सं. १८१३। अमररामपुर—सं. १८२७।
बीकानेर—सं. १८२० १८३३। जयपुर—सं. १८२८।
शाहपुरा—सं. १८३१ १८२१।
पाली—सं. १८३३, १८३०।
नागौर—सं. १७८४ १८ १ १८३७ १८३९ १८४८, १८४४ से १८५३ तक (स्थिरवास के कारण)

[पूज्य जयमल गुणमाला द्वि. सं. के अनुसार]

राजस्थान के अतिरिक्त दिल्ली, आगरा, पंजाब व मालवा की ओर भी आचार्यश्रीजी ने यात्रा की थी। बीकानेर पहुँच कर सबसे पहले आपही ने वहां स्थानकवासी समाज के सत्व को अकुरित और पल्लवित किया था।

पूज्यश्री रघुनाथजी म० श्री जेतसीजी म० श्री कुशलजी म० आचार्यश्रीजी के गुरु भ्राता थे। श्री कुशलजी म० आपके छोटे गुरु-भ्राता थे।

आचार्यश्रीजी के अनेक शिष्य थे। आचार्य-पद का उत्तराधिकार आपके योग्यतम प्रमुख शिष्य मुनिश्री रायचद्रजी को मिला था। अपने जीवन-काल में स्वय आचार्यश्रीजी ने उन्हें आचार्य-पद से विभूषित कर दिया था। आगे भी यह आचार्य परम्परा लंबे समय तक चलती रही।*

आपके प्रभावशाली महान् व्यक्तित्व के कारण आपकी आख्या पर ही आपकी सम्प्रदाय का नाम-करण हुआ और इसलिये उक्त सम्प्रदाय का नाम 'जयमल्ल सम्प्रदाय' आज तक प्रचलित है।

आचार्यों के अतिरिक्त अनेक सुयोग्य सत इस सम्प्रदाय में हुए हैं जिनकी गौरव-गाथा आज भी सुदूर-व्यापिनी बनी हुई है।

उत्तरोत्तर होने वाले आचार्यश्रीजी के उत्तराधिकारी और सम्प्रदाय के सुयोग्य सन्तों के सबल स्कंधों पर समारूढ इस सम्प्रदाय ने स्थानकवासी समाज में यत्र तत्र सर्वत्र बहुत अच्छा गौरव प्राप्त किया। अट्ठारहवीं सदी से लेकर बीसवीं सदी के नौवें वर्ष के प्रारम्भ काल तक बहुत अच्छे रूप में इस सम्प्रदाय का अस्तित्व बना रहा। इस सदी के नौवें वर्ष में जब सादड़ी में सम्मेलन हुआ तो अन्य सम्प्रदायों के साथ इस सम्प्रदाय ने भी श्रमण-सघ में मिलकर अपने अस्तित्व को अमर कर दिया।

हा, तो प्रस्तुत सग्रह में उन्हीं आचार्यश्रीजी की रचनाओं का सकलन किया गया है। उनकी सारी रचनाए मारवाड़ी भाषा में हैं। उन्होंने असीमित पद्य लिखे हैं। उनके पद्यों में जैनधर्म से अनुस्यूत अनेक विषयों के अवगाहन के साथ नीति, रीती तथा अनेक आख्यानों का भी चित्रण किया गया है। ससार की अस्थिरता और वैराग्य-भावना आचार्यश्रीजी के खास विषय रहे हैं।

प्रस्तुत सकलन में उनकी सारी रचनाओं का सग्रह हो गया हो, ऐसी बात नहीं है। मैं समझता हू, अब भी उनकी ऐसी बहुत-सी रचनाए होंगी, जिनको

---

*आचार्यश्री के क्रमश उत्तराधिकारी—१ पूज्य श्री रायचदजी म० २ पूज्य श्री आसकरणजी म० ३ पू० श्री शबलदासजी म० ४ पू० श्री हीराचंदजी म० ५ पु० श्री किस्तूरचंदजी म० ६ पू० श्री भीकमचदजी म० ७ पू० श्री कानमलजी म०

आराधना प्रारम्भ कर दी थी। जब तक पूज्यश्री भूधरजी महाराज विराजमान रहे उनकी यह साधना निराबाध गति से निरंतर चलती रही। आपकी दीक्षा से सत्रह वर्ष बाद पूज्यश्री भूधरजी महाराज दिवंगत हुए थे।

मेड़ता-रोड से विहार कर मेड़ता पधारते समय मार्ग में तृषा-परीषह के कारण वे इस भौतिक देह से अलग हुए थे। उस समय पूज्यश्री भूधरजी महाराज के पांच उपवास की तपस्या थी।

अपने गुरु महाराज के स्वर्गवास के बाद आचार्यश्रीजी ने लेटकर निद्रा लेने का परित्याग कर दिया था। पूरे ५० वर्ष तक उन्होंने लेटकर निद्रा नहीं ली। अपने जीवन के अंत तक वे इस नियम पर आरूढ़ बने रहे

आचार्यश्रीजी का स्वर्गवास नागौर में हुआ था। सं० १८५३ के वर्ष की वैशाख-शुक्ला चतुर्दशी उनकी स्वर्गवास तिथि थी। आपको ११ दिनों का संथारा आया था। शारीरिक अस्वस्थता के कारण अपने जीवन के अन्तिम वर्षों में आप नागौर ही विराजमान रहे थे। संवत् १८ सौ के ४ वें वर्ष में आप नागौर पधार गए थे।*

आचार्य श्रीजी के चर्तुमास कहाँ कब हुए—

सोजत—सं० १७८८ १७९६, १८०३, १८०५ १८११ १८२९।
जालोर—सं० १७९०
सिवाणी—सं० १७९१
मेड़ता—सं० १७९२ १७९८, १८०२, १८०४ १८०७, १८२४ १८३०।
जोधपुर—सं० १७९३, १७९५, १७९७, १८०० १८०१ १८१०, १८१६, १८२० १८२६ १८३१ १८३४ १८३६।
किशनगढ़—सं० १७९९, १८१४ १८२१ १८३० १८३८।
बोरावड़—सं० १८०८। बैराठ—सं० १८ ६।
पीपाड़—सं० १८११ १८१५। भीलवाड़ा—सं० १८१२।
जयपुर—सं० १८१३। अमर रायपुर—सं० १८२७।
बीकानेर—सं० १८१७ १८२२। उदयपुर—सं० १८२८।
रायपुरा—सं० १८३१ १८३६।
पाली—सं० १८३३, १८३७।
नागौर—सं० १७९४ १८०६ १८२२ १८२५ १८२८, १८४० से १८५३ तक (स्थिरवास के कारण)

[पूज्य जयमल गुणमाला द्वि० सं० के अनुसार]

राजस्थान के अतिरिक्त दिल्ली, आगरा, पंजाब व मालवा की ओर भी आचार्यश्रीजी ने यात्रा की थी। बीकानेर पहुँच कर सबसे पहले आपही ने वहां स्थानकवासी समाज के सत्व को अकुरित और पल्लवित किया था।

पूज्यश्री रघुनाथजी म० श्री जेतसीजी म० श्री कुशलजी म० आचार्यश्रीजी के गुरु भ्राता थे। श्री कुशलजी म० आपके छोटे गुरु-भ्राता थे।

आचार्यश्रीजी के अनेक शिष्य थे। आचार्य-पद का उत्तराधिकार आपके योग्यतम प्रमुख शिष्य मुनिश्री रायचन्द्रजी को मिला था। अपने जीवन-काल में स्वय आचार्यश्रीजी ने उन्हें आचार्य-पद से विभूषित कर दिया था। आगे भी यह आचार्य परम्परा लंबे समय तक चलती रही।*

आपके प्रभावशाली महान् व्यक्तित्व के कारण आपकी आख्या पर ही आपकी सम्प्रदाय का नाम-करण हुआ और इसलिये उक्त सम्प्रदाय का नाम 'जयमल्ल सम्प्रदाय' आज तक प्रचलित है।

आचार्यों के अतिरिक्त अनेक सुयोग्य सत इस सम्प्रदाय में हुए हैं जिनकी गौरव-गाथा आज भी सुदूर-व्यापिनी बनी हुई है।

उत्तरोत्तर होने वाले आचार्यश्रीजी के उत्तराधिकारी और सम्प्रदाय के सुयोग्य सन्तों के सबल स्कधों पर समारूढ इस सम्प्रदाय ने स्थानकवासी समाज में यत्र तत्र सर्वत्र बहुत अच्छा गौरव प्राप्त किया। अट्ठारहवीं सदी से लेकर बीसवीं सदी के नौवें वर्ष के प्रारम्भ काल तक बहुत अच्छे रूप में इस सम्प्रदाय का अस्तित्व बना रहा। इस सदी के नौवें वर्ष में जब सादडी में सम्मेलन हुआ तो अन्य सम्प्रदायों के साथ इस सम्प्रदाय ने भी श्रमण-सघ में मिलकर अपने अस्तित्व को अमर कर दिया।

हां, तो प्रस्तुत सग्रह में उन्हीं आचार्यश्रीजी की रचनाओं का सकलन किया गया है। उनकी सारी रचनाए मारवाडी भाषा में हैं। उन्होंने असीमित पद्य लिखे हैं। उनके पद्यों में जैनधर्म से अनुस्यूत अनेक विषयों के अवगाहन के साथ नीति, रीती तथा अनेक आख्यानों का भी चित्रण किया गया है। ससार की अस्थिरता और वैराग्य-भावना आचार्यश्रीजी के खास विषय रहे हैं।

प्रस्तुत सकलन में उनकी सारी रचनाओं का सग्रह हो गया हो, ऐसी बात नहीं है। मैं समझता हू, अब भी उनकी ऐसी बहुत-सी रचनाए होंगी, जिनको

---

*आचार्यश्री के क्रमश उत्तराधिकारी—१ पूज्य श्री रायचदजी म० २ पूज्य श्री आसकरणजी म० ३ पू० श्री शबलदासजी म० ४ पू० श्री हीराचंदजी म० ५ पू० श्री किस्तूरचदजी म० ६ पू० श्री भीकमचंदजी म० ७ पू० श्री कानमलजी म

प्रकाश में लाने के लिये इधर उधर बिखरे पड़े हुए पन्ने संभालने पड़ेंगे। मुझे जितनी सामग्री मिली उसीके आधार पर यह संग्रह तैयार किया गया है।

मुझे याद है, मेरे स्वर्गीय श्रद्धेय पूज्य गुरुवर श्री जोरावरमलजी महाराज भी आचार्यश्रीजी की रचनाओं का संग्रह करना चाहते थे परन्तु दूसरी अनेक जिम्मेदारियों के कारण इस ओर समय देने में उन्हें सदा बाधाएं ही आती रहीं। इस सम्प्रदाय के एक और दूसरे विद्वान् मुनिराज श्री चैनमलजी महाराज थे। उनके अंतःकरण में भी यह लगन थी। उन्होंने इस ओर कुछ प्रयास भी किया था परन्तु वे अल्प अवस्था में ही दिवंगत हो गए थे इसलिये उनकी भावना भी पूर्ण न हो सकी। उनकी भावनाओं का मूर्त रूप यह संकलन अब पाठकों के कर-कमलों में है।

आचार्यश्रीजी की रचनाओं में जीवन को समुन्नत करने वाला वैराग्य-मय आध्यात्मिक संदेश मिलता है। संघर्षमय इस जीवन में इतस्ततः खींचे जाने वाले जन-समुदाय के लिये उनकी रचनाओं का यह चयन मार्ग-प्रदर्शन कर सकेगा ऐसी आशा है।

विषय के अनुसार वर्गीकरण कर प्रस्तुत संकलन स्तुति सम्बन्ध उपदेशी पद और चरित-चर्चा-दोहावली इन चार विभागों में विभक्त कर दिया गया है।

यद्यपि जन वाणी में संगृहित रचनाओं के चयन में मुझे करीब तीन वर्ष लग गए फिर भी जो सामग्री मिली उससे मुझे संतोष है।

आचार्यश्रीजी की अन्यान्य बिखरी हुई रचनाएं भी अनेक सन्तों के पास व ज्ञान-भंडारों में मिल सकती हैं, परन्तु इस संकलन में पीपाड़ कुचेरा और ब्यावर के ज्ञान-भंडारों में उपलब्ध सामग्री का ही उपयोग हो पाया है। मैं उन ज्ञान-भंडारों का तथा उनके अधिकारियों का पूर्ण आभारी हूँ।

मरु-धरा के मंत्री श्रीयुत श्रद्धेय पूज्यवर श्री हजारीमलजी महाराज व सेवा भावी पण्डित मुनिश्री ब्रजलालजी महाराज का मैं पूर्ण कृतज्ञ हूँ जिनकी असीम कृपा के कारण ही मैं इस कार्य को सानन्द समाप्त कर सका हूँ।

जैन-समाज के धुरंधर विद्वान् विश्रुत विचारक कविवर श्रीयुत श्रद्धेय अमरचंदजी महाराज ने इस पुस्तक पर जो भूमिका लिखने की महती कृपा की है वह मेरे लिये सदा संस्मरण की बात रहेगी।

श्रीयुत पंडित शोभाचन्द्रजी भारिल्ल से भी मुझे समय-समय पर अच्छा परामर्श मिलता रहा है। प्रस्तुत संकलन उनका भी बड़ा आभार मानता है।

जय-वाणी सन्मति ज्ञानपीठ से प्रकाशित हो रही है यह भी एक सोने में सुगध है।

श्रीमान् सेठ खींवराजजी सा चोरडिया (नोखा-मद्रास) की ओर से साहित्य-साधना की ओर अग्रसर होने के लिये मुझे सदा बलवती प्रेरणा मिलती रही है। श्रीयुत चोरडियाजी एक उदार-हृदय मनस्वी सज्जन हैं। श्रद्धेय पूज्य गुरु महाराज के वे अतेवासी श्रावक हैं। उनके हृदय में पूज्य गुरु महाराज के प्रति अपार श्रद्धा है। इस पुस्तक के प्रकाशन में उनका पूर्णतया सहयोग है।

छद्मस्थ होने के नाते प्रस्तुत-सम्पादन में त्रुटियों का होना स्वाभाविक है। प्रेमी पाठक सुधार कर पढेंगे ऐसी शुभाशा के साथ विराम—

जैन स्थानक
पीपलिया बाजार, ब्यावर
शारदीया-पूर्णिमा
स० २०१६

मधुकर मुनि

२५—साधु-चर्या ... ९४

२६—पाप-पुण्य-फल ... १००

२७—श्री कृष्णजी नी ऋद्धि ... १०२

२८—भविष्यत् काल के तीर्थङ्कर १०६

उपदेशी पद १११-१८०

२९—पचम आरा .. १११

३०—यह मेला ११२

३१—विरक्ति पद ११४

३२—मिनख-जमारो ११५

३३—शिक्षा पद ११७

३४—कलि-युगी लोक ११८

३५—प्राणी ! ११९

३६—यह जग सपना १२०

३७—शिक्षा-पद १२२

३८—वैराग्य-पद १२४

३९—चेतन ! चेत १२६

४०—जीव-चेतावनी १३२

४१—वैराग्य-पद १३४

४२—नींद-पच्चीसी १३६

४३—मूरख-पच्चीसी १३९

४४—पर्यटन सप्तविंशतिका १४३

४५—उपदेश तीसी १४७

४६—उपदेश वत्तीसी १४९

४७—वैराग्य वत्तीसी १५१

४८—बाल प्रतिबोध चौतीसी १५६

४९—पुण्य छत्तीसी १६०

५०—आत्मिक छत्तीसी १६२

जय-वाणी

(१)

स्तुति

(१)

❀ चउवीसी स्तवन ❀

[तर्ज—ते मुझ मिच्छामि दुक्कडं]

१— रे जीव ! जिनवर सुमरिये
सुमरयां जय जयकार ।
इण भव में सुख सम्पदा
पामें भवनों पार ॥

२— ऋषभ अजित सम्भव नमु
अभिनन्दन अभिराम ।
सुमति पद्म सुपासजी
पहुँता शिवपुर ठाम ॥

३— चन्द्रप्रभ जिन आठमा
सुविधि शीतलनाथ ।
श्रेयांस जिन अग्यारमा
वासुपूज्य विख्यात ॥

४— विमल अनन्त धर्मनाथजी
सोलसमा श्री शान्त ।
कुंथू अर मल्लीनाथजी
कीधो भवनो अन्त ॥

५— मुनि सुव्रत जिन वीसमा
नेमी अरिट्ठनेम ।
पास जिनेश्वर वीरजी
पहुँता शिवपुर क्षेम ॥

६— ए चउवीसी जिनवर तणा
ध्यावे हितकर नाम ।
रिख 'जयमल्लजी' इम वीनवे
पामे अविचल धाम ॥

———

८— प्रभु ये मोहा जाल सभी कापी
चतुर्विध संघ तिरथ थापी ।
चोथो दुखम सुखम आरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो ॥

९— बासठ सहस मुनिराज थया
वली सहस नव्यासी हुई अज्जिया ।
प्रभु तारो ने वली आप तरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो ॥

१०—दोय लाख नेवु सहस श्रावक गुणी
त्रण लाख तयासी सहस श्राविका सुणी ।
और चतुर्विध संघ खरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो ॥

११—चार हजार ओहीनाणी जती
वली त्रणशे हुवा विपुल-मती ।
नेवु गणधरनो पाप हरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो ॥

१२—चार हजार त्रणशे रे कह्या
मुनि केवल लहीने मुगति गया ।
छ हजार मुनि वैक्रिय-धरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो ॥

१३—चौतीस सौ वादी भारी
वली आठसौ चौदह पूरबधारी ।
आठ करम सु जाइ लडो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो ॥

१४—नव पदवी मोटी रे कही
जेणे एकण भवमाँ छए लही ।
ऐसो भरियो पुण्य घडो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो ॥

१५—पा पा लाख कुमर साध पणे
वलि अध लाख वरस रह्या राज पणे ।

(२)

❀ शान्ति जिन स्तवन ❀

१— नगर हस्तिनापुर अति रे भलो
ज्यां जनम्यां तीर्थंकर त्रिभुवन तिलो।
दाह प्रशम्यो चैन करो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

२— सर्वार्थ सिद्ध थकी रे चवी
तब देश मरकमां शान्ति हुई।
शान्तिजी नाम दियो सखरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

३— विश्वसेन' पिता 'अचिरा माता
जेणे जाये सुखदा मोटा पाया।
जनम्या तीर्थंकर अमित भरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

४— छप्पन कुमारिका उल्लास भर्यो
जेणे जनमोच्छव कियो कुमर तणो।
चौसठ इन्द्र आदि उच्छव करो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

५— भरतादि ई महोत्तर कथा
जेणे सहस चौसठ परणी महिला।
छ खण्ड साध्या इश्वीय परो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

६— सहस पिचत्तर वर्ष कथा
चक्रवर्ति पद-भरवास रह्या।
पद मिलाय दियो छायो ही भमरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

७— एक सहस पुरुष साथे रिक्षा
श्री जिनवरजी लीनी दीक्षा।
पाके सुरनर आदि मे पाय पड़ो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

८— प्रभु ये मोहा जाल मभी कापी
चतुर्विध संघ तिरथ थापी।
चोथो दुखम सुखम आरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

९— बासठ सहस मुनिराज थया
वली सहस नव्यासी हुई अज्जिया।
प्रभु तारो ने वली आप तरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

१०—दोय लाख नेवु सहस श्रावक गुणी
त्रण लाख तयासी सहस श्राविका सुणी।
और चतुर्विध संघ खरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

११—चार हजार ओहीनाणी जती
वली त्रणशे हुवा विपुल-मती।
नेवु गणधरनो पाप हरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

१२—चार हजार त्रणशे रे कह्या
मुनि केवल लहीने मुगति गया।
छ हजार मुनि वैक्रिय-धरो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

१३—चौतीस सौ वादी भारी
वली आठसौ चौदह पूरबधारी।
आठ करम सु जाइ लड़ो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

१४—नव पदवी मोटी रे कही
जेणे एकण भवमाँ छए लही।
ऐसो भरियो पुण्य घड़ो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

१५—पा पा लाख कुमर साध पणे
वलि अध लाख वरस रह्या राज पणे।

२३—मृग लछन सेवित ध्यान धरा,
श्री शान्ति जिनेश्वर सुगति सदा।
फंद मेट दियो भव जन्म मरे,
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

२४—तुम नाम लिया सब पाप मरे
तुम नामे सुगति सफल सरे।
तुम नामे सुख भंडार भरे,
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

२५—ऋषि 'जयमलजी' आ विनति करी
प्रभु तोरा गुणनो पार नहीं।
मुझ भवभवना दुख दूर करो
श्री शान्ति जिनेश्वर शान्ति करो॥

---

(२)

❀ पार्श्वनाथजी का स्तवन ❀

१— बनारसी नगरी नामे,
अश्वसेन राजा रमे तिणठामे।
वामा तस घर पटराणी
श्री पास भजो पुरुषादानी॥

२— दशम देवलोक थी चव आया
जद माता चवद सुपन पाया।
गर्भ उपनो उत्तम प्राणी
श्री पास भजो पुरुषादानी॥

३— वद पोस दशम के दिन जाया
जद चोसठ इन्द्र मिली आया।
मेरु शिखर महिमा कर आणी
श्री पास भजो पुरुषादानी॥

४— छप्पन कुमारिया हुलास घणो
जद जनम कारज कियो कुमर तणो।

अशुचि टाल गई ठिकाणी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

५— न्हाल मिली श्रीमण कीधो
मिल पास कुमर नामज दीधो ।
नाग शय्या सोवण आयी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

६— बधे जिम अधिकी चन्द्रकला
शुभ लक्षण पढिया देहे सगला ।
रूपी रेखा पग पांखी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

७— कला चतुराई अधिकी पाणी
भर मांहि बली तिहुं माया पाणी ।
गुण कला रत्नां खाणी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

८— पांचे अगनी कमठ साधी
प्रगट भीड़ मिली आन्धी ।
नाग मे काढ्यो काष्ठांथी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

९— तीस वर्ष गृह वास रह्या
वर लोकांतिक सुर आय कह्या ।
वरसी दान दियो जाणी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

१०— दसा भाव महिमा कीधी
वद पोस इग्यारस दीक्षा लीधी ।
तीन स संग हुआ गुण नाणी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

११— दिवस चवांसी छद्मस्थ रह्या
वदि चैत चौथ केवल लह्या ।
चार कर्म किया हाणी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

१२—गणधर आठ, सोले सहस मुणी
अडतीस सहस आरजिया रे सुणी ।
फन्द छोड दिया आफाणी
श्री पास भजो पुरुपादानी ॥

१३—एक लाख चौसठ सॅस श्रावक गुणी
तीन लाख सताई सॅस श्राविका सुणी ।
एक सहस हुवा केवल नाणी
श्री पास भजो पुरुपादानी ॥

१४—चवदेसे हुआ ओही नाण जती
साढा तेरेसे हुआ ज्यारे विपुल मती ।
इग्यारेसौ हुआ वेकराणी,
श्री पास भजो पुरुपादानी ॥

१५—छसो हुआ वादी भारी
साढा तीन सौ हुआ पूरवधारी ।
तज दीनी खाचा ताणी
श्री पास भजो पुरुपादानी ॥

१६—सीतर वर्ष दीक्षा पाली
शुद्ध दया धर्म ने उजवाली ।
कर्म किया सहूँ धूड धाणी
श्री पास भजो पुरुपादानी ॥

१७ एक मास तणो अणसण लीधो
समेत शिखर ऊपर कीधो ।
ध्याया शुभ शुक्ल झाणी
श्री पास भजो पुरुपादानी ॥

१८—श्रावण सुद अष्टमी सिद्धो
जद देव आय महोछव कीधो ।
तेतीस संग हुआ निरवाणी
श्री पास भजो पुरुषादानी ॥

१९—जसो कीर्ति नाम बाध्यो पेली
श्री पार्श्वनाथ तणी महिमा फेली ।

६— पाचसो धनुष देहीं साहू
चौरासी लाख पूरवनो आयू।
अतिशय जिनजीरा चौतीसो
श्री विहरमान वन्दू वीसो ॥

७— चार चार तीर्थङ्कर एक मेरु भारो
ज्यारो साध साधवियाँ रो परिवारो।
मुक्ति जासी आठू कर्म पीसो
श्री विहरमान वन्दू वीसो ॥

८— श्री विहरमान वीसूं ई जाणी
ज्यारो भजन करो उत्तम प्राणी।
जिम पूरो मनरी जगीसो
श्री विहरमान वन्दू वीसो ॥

६— शहर 'मेडते' शुभ गामो,
ऋषि "जयमलजी" कीधा गुण ग्रामो।
समत अठारे चौवीसो,
श्री विहरमान वन्दू वीसो ॥

---

(५)

❀ बीस विहरमानों का स्तवन ❀

विहरमान वीस नमू ॥ टेर ॥

१— सीमधरजी ने सुमरतॉं युग-मन्दिर देव।
बाहुजी स्वामी तीसरा, सुबाहुजी नी सेव ॥ विह० ॥

२— सुजात स्वामी पांचमा, स्वय-प्रभ जाण।
ऋषभानदन सातमां, अनतवीरजी बखाण ॥ विह० ॥

३— सूरप्रभ नवमा नमू, दशमां श्री विशाल।
वज्रधर चद्रानन, हूँ वदू त्रिकाल ॥ विह० ॥

४— चद्रबाहुजी स्वामी तेरमा, चवदमा श्री भुजग।
ईश्वर नेमिप्रभ नमू, राता धर्म-सुरग ॥ विह० ॥

नाथ हुवा मोटा नामी
सुमरो श्री सीमन्धर स्वामी ॥

७— एक-मना हुई सुद्ध भजे
काराने कलिया दूर तजे ।
हुवे मोक्ष तणा झट कामी
सुमरो श्री सीमधर स्वामी ॥

८— राच रह्या मिथ्यामत माही,
ए रुले जीव चारू गति माही ।
भूला ने आणे ठामी
सुमरो श्री सीमधर स्वामी ॥

९— मोक्ष तणा जो सुख चाहो
तो तपस्या करी ल्योनी लाहो ।
पाचूई इन्द्रिय दामी
सुमरो श्री सीमधर स्वामी ॥

१०—ए मानव भव दुरलभ लाधो
तुम दयाधर्म सुध आराधो ।
मुगती आवे ज्यू तुम सामी
सुमरो श्री सीमधर स्वामी ॥

११—तुम नामे दु:ख दोहग टले
तुम नामे मुगती सुख मिले ।
टल जाय नरक तणी धामी
सुमरो श्री मीमधर स्वामी ॥

१२—कदाच ससार माही रहे
तो उत्तम कुल में जनम लहे ।
ऋद्ध वृद्ध बहु धन धामी
सुमरो श्री मीमधर स्वामी ॥

१३—चौरासी लाख पूरब आयू,
वृषभ लछण पड्यो देह साहू ।
मोटा प्रभु अन्तरजामी
सुमरो श्री सीमधर स्वामी ॥

१४—चौतीस अतिसय पेंतिस वाणी
 बारूं दिशा मे सुण ही हो जाणी।
 ऊंची अति पदवी प्रभुजी पामी
 सुमरो श्री सीमंधर स्वामी॥

१५—जिनजी रा वचन हिया में धरो
 सुद्ध मारग है मरम करो।
 मिथ्या मत मे घो वामी
 सुमरो श्री सीमंधर स्वामी॥

१६—जगन्य साधु हुवे सो कोड़ी
 उत्कृष्ट अगन्य केवलि जोड़ी।
 मरजी माटानी महामी
 सुमरो श्री सीमंधर स्वामी॥

१७—हिंसा धर्म करी हुवो पहुंचा
 मन्नू नहीं पुरविन पहुंचो।
 दो हिय दुक्कड मिच्छामि
 सुमरो श्री सीमंधर स्वामी॥

१८—भाड़ा नदियां पहाड़ घणा
 जाणूं वचन सुणू जिनराज तणा।
 है भारी करार आगा हामी
 सुमरो श्री सीमन्धर स्वामी॥

१९—महाविदेह क्षेत्र सारो
 रहै सदा जिहां चौथो आरो।
 जिहां घणा जीव शिवगामी
 सुमरो श्री सीमंधर स्वामी॥

२०—रिख "जयमलजी" विनती एम कहै
 कोई भारी सरधा सांरी रहै।
 मन भावनी टल जाय खामी
 सुमरो श्री सीमंधर स्वामी॥

(७)

❀ वडी साधु-वंदना ❀

१— नमू अनत चोवीसी, ऋषभादिक महावीर ।
आरज क्षेत्र मा घाली, धर्म नी सीर ॥

२— महा अतुल बली नर, शूर वीर ने धीर ।
तीरथ प्रवर्तावी पहुँचा भव जल तीर ॥

३ — सीमधर प्रमुख, जघन्य तीर्थ कर वीस ।
छे अढी द्वीप मा, जयवता जगदीश ॥

४— एक सो ने सत्तर, उत्कृष्ट पदे जगीश ।
धन्य म्होटा प्रभुजी, तेहने नमाऊ शीश ॥

५— केवल दोय कोडी, उत्कृष्टा नव कोड ।
मुनि दोय सहस कोडी, उत्कृष्टा नव सहस कोड ॥

६— विचरें विदेहे, म्होटा तपसी घोर ।
भावे करी वदू टाले भव नी खोड ॥

७— चोवीसे जिन ना, सगला ही गणधार ।
चौदसे ने बावन, ते प्रणमू सुखकार ॥

८— जिन शासन नायक, धन्य श्री वीर जिनद ।
गौतमादिक गणधर, वर्तायो आनद ॥

९— श्री ऋषभ देवना, भरतादिक सो पूत ।
वैराग्य मन आणी, सयम लियो अद्भूत ॥

१०—केवल उपजाव्यू कर करणी करतूत ।
जिनमत दीपावी, सगला मोक्ष पहूत ॥

११—श्री भरतेश्वर ना, हुआ पटोधर आठ ।
आदित्य जसादिक, पहुँत्या शिवपुर वाट ॥

१२—श्री जिन अतर ना, हुआ पाट असंख ।
मुनि मुक्ति पहुँत्या, टालि कर्म नो वक ॥

१३—धन्य 'कपिल' मुनिवर, नमि नमू अणगार ।
जेणे ततक्षण त्याग्यो, सहस्र रमणी परिवार ॥

१४—मुनिवर हरि केशी 'चित्त' मुनीश्वर सार।
शुद्ध संयम पाली पाम्या भव नो पार॥

१५—'वलि 'इषुकार' राजा घर 'कमलावती' नार।
'भृगु' ने 'जसा' तेहना दोय 'कुमार'॥

१६—छयें छती ऋद्धि छांडी लीधो संयम भार।
इण अल्प काल मां पाम्या मोक्ष दुवार॥

१७—'वलि संयति राजा हिरण-आहिड़े जाय।
मुनिवर 'गर्दभाली' आण्यो मारग ठाय॥

१८—चारित्र लेई ने भेट्या गुरु ना पाय।
'क्षत्री' राज ऋषीश्वर चर्चा करी चित्त लाय॥

१९—वलि दशे चक्रवर्ती राज्य रमणी ऋद्धि छोड़।
दशे मुक्ति पहुँत्या कुल ने शोभा चढ़ोड़॥

२०—इण अवसर्पिणी मां आठ 'राम' गया मोक्ष।
'बलभद्र' मुनीश्वर, गया पंचमें देवलोक॥

२१—'दशार्णभद्र' राजा वीर वांद्या धरि मान।
पछि इन्द्र हटायो दियो छकाय अभयदान॥

२२—'करकंडू' प्रमुख चार प्रत्येक बुद्ध।
मुनि मुक्ति पहुँत्या जीत्या महाजुद्ध॥

२३—धन्य मोटा मुनिवर, 'मृगापुत्र' जगीश।
मुनिवर 'अनाथी' जीत्या राग ने रीश॥

२४—वलि 'समुद्रपाल' मुनि 'राजमती' 'रहनेम'।
'केशी' ने 'गौतम' पाम्या शिवपुर खेम॥

२५—धन्य 'विजयघोष' मुनि 'जयघोष' वलि जाण।
श्री 'गर्गाचार्य' पहुँत्या छे निर्वाण॥

२६ श्री उत्तराध्ययन माँ जिनवर कर्या बखाण।
शुद्ध मन से ध्यावो मन में धीरज आण॥

२७—वलि 'खंधक' संन्यासी राख्यो गौतम-स्नेह।
महावीर समीपे पंच महाव्रत लेह॥

२८—तप कठिन करीने झौंसी आपणी देह।

२६—वलि 'ऋषभदत्त' मुनि, सेठ 'सुदर्शन' सार ।
'शिवराज' ऋषीश्वर, धन्य 'गांगेय' अणगार ॥

३०—शुद्ध संयम पाली, पाम्या केवल सार ।
ये चार मुनिवर पहुँत्या मोक्ष मझार ॥

३१—भगवत नी माता, धन्य धन्य सती 'देवा नन्दा' ।
वली सती 'जयती', छोड दिया घर फन्दा ॥

३२—सती मुगति पहुँत्या, वलि ते वीर नी नन्द ।
महासती 'सुदर्शना' घणी सतियों ना वृन्द ॥

३३—वलि 'कार्तिक' सेठे पडिमा वही शूर वीर ।
जीम्यो मोरा ऊपर तापस बलती खीर ॥

३४—पछी चारित्र लीधू, मित्र एक सहस आठ धीर ।
मरी हुओ शक्रेन्द्र, च्यवि लेसे भवतीर ॥

३५—वलि राय 'उदायन', दियो भाणजा ने राज ।
पछी चारित्र लेईने मार्या आतम काज ॥

३६—'गंगदत्त' मुनि 'आनन्द', तारण तरण जहाज ।
मुनि 'कौशल' 'रोहो' दियो घणा ने साज ॥

३७—धन्य 'सुनक्षत्र' मुनिवर, सर्वानुभूति अणगार ।
आराधक हुई ने, गया देव लोक मझार ॥

३८—चवि मुगते जासी, वलि 'सिंह' मुनीश्वर सार ।
बीजा पण मुनिवर भगवती मा अधिकार ॥

३९—'श्रेणिक' नो बेटो, म्होटो मुनिवर 'मेघ' ।
तजी आठ अंतेउर, आण्यो मन संवेग ॥

४०—वीर पै व्रत लेई ने, बांधी तप नी तेग ।
गयो विजय विमाने, चवि लेसे शिव वेग ॥

४१—धन्य 'थावच्चा पुत्र', तजी बत्तीसों नार ।
तेनी साथे निकल्या पुरुष एक हजार ॥

४२—शुकदेव संन्यासी, एक सहस्र शिष्य लार ।
पांचसो से 'शेलक' लीधो संजम भार ॥

४३—सब सहस्र अढाई, घणा जीवों ने तार ।
पुंडरिक गिरि ऊपर, कियो पादोपगमन संथार ॥

४४—आराधक हुई ने कीधो खेवो पार ।
हुआ मोटा मुनिवर, नाम लियां निस्तार ॥

४५—धन्य 'जिनपाल' मुनिवर दोय 'धन्ना' हुआ साध ।
गया प्रथम देवलोके, मोक्ष जासे आराध ॥

४६—श्री 'मल्लीनाथ' जी ना छह मित्र, 'महाबल' प्रमुख मुनिराय ।
सर्वे मुक्ति सिधाव्या म्होटी पदवी पाय ॥

४७—वलि 'जितशत्रु' राजा सुबुद्धि नाम प्रधान ।
पोते चारित्र लई ने पाम्या मोक्ष निधान ॥

४८—धन्य 'तेतली' मुनिवर, दियो छकाय अभयदान ।
'पोटिला' प्रतिबोध्या पाम्या केवल ज्ञान ॥

४९—धन्य पांचे 'पांडव' तजी 'द्रौपदी' नार ।
थवर नी पासे लीधो संयम भार ॥

५०—श्री नेम वंदन नो एहवो अभिग्रह कीध ।
मास मास खमण तप शत्रुंजय जई सिद्ध ॥

५१—'धर्मघोष' तणा शिष्य 'धर्मरुचि' अणगार ।
कीड़ियों नी करुणा आणी दया अपार ॥

५२—कड़वा तूंबा नो कीधो सगलो आहार ।
सर्वार्थ सिद्ध पहुंच्या चविसे भव पार ॥

५३—वलि 'पुंडरिक' राजा कुंडरिक डिगियो जाण ।
पोते चारित्र लेई ने न घाली धर्म मां हाण ॥

५४—सर्वार्थ सिद्ध पहुंच्या चविसे निर्वाण ।
श्री ज्ञाता सूत्र मां जिनवर कह्यो वखाण ॥

५५—'गौतमादिक' कुंवर, सगा अठारे भ्रात ।
सब अंधक वृष्णि सुत धारणी ज्यांरी मात ॥

५६—तजी आठ अंतेउर, काढी दीक्षा नी वात ।
चारित्र लई ने कीधो मुक्ति नो साथ ॥

५७—श्री 'अनीकसेनादिक' छये सहोदर भ्रात ।
वसुदेव ना नंदन देवकी ज्यांरी मात ॥

५८—भद्दिलपुर नगरी, नाग गहाबई जाण ।
सुलसा घर वधिया, सांभली नेमिनी वाण ॥

५६—तजी बत्तीस बत्तीस अतेउर, नीकल्या छिटकाय ।
नलकूबर समाना, भेटया श्री नेमिना पाय ॥

६०—करि छठ छठ पारणा, मन में वैराग्य लाय ।
एक मास सथारे, मुक्ति विराज्या जाय ॥

६१—वलि 'दारुक' 'सारण', 'सुमुख' 'दुमुख' मुनिराय ।
वलि कु वर 'अनाधृष्ट', गया मुक्ति गढ माय ॥

६२—वसुदेव ना नदन, धन्य धन्य 'गजसुकुमाल' ।
रूपे अति सुन्दर, कलावत वय बाल ॥

६३—श्री नेमि समीपे, छोड्यो मोह जजाल ।
भिक्षुनी पडिमा, गया मसाण महाकाल ॥

६४—देखी 'सोमल' कोप्यो, मस्तक बाधी पाल ।
खेरा ना खीरा, शिर धरिया असराल ॥

६५—मुनि नजर न खडी, मेटी मन नी झाल ।
परीषह सही ने, मुक्ति गया तत्काल ॥

६६—धन्य 'जाली' मयाली', 'उवयाली' आदिक साध ।
'साब' ने 'प्रद्युम्न', 'अनिरुध' साधु अगाध ॥

६७—वलि 'सत्यनेमि' 'दृढनेमि', करणी कीधी निर्बाध ।
दशे मुक्ति पहुँत्या, जिनवर वचन आराध ॥

६८—धन्य 'अर्जुनमाली', कियो कदाग्रह दूर ।
वीर पे व्रत लई ने, सत्यवादी हुआ सूर ॥

६६—करी छठ छठ पारणा, क्षमा करी भरपूर ।
छह मासा माही, कर्म किया चकचूर ॥

७०—कु वर 'अइमुत्ते' दीठा गौतम स्वाम ।
सुणि वीरनी वाणी, कीधो उत्तम काम ॥

७१—चारित्र लेईने, पहुत्या शिवपुर ठाम ।
धुर आदि 'मकाई', अत 'अलक्ष' मुनि नाम ॥

७२—वलि कृष्ण रायनी अग्र महीषी आठ।
पुत्र बहू दोय संच्या पुण्य ना ठाठ॥

७३—जादव कुल सतियां टाल्यो दुःख संताप।
पहुँती शिवपुर मां ए छे सूत्र नो पाठ॥

७४—श्रेणिक नी राणी काली आदिक दश जाण।
दश पुत्र वियोगे सांभली वीर नी वाण॥

७५—चंदनबाला पे संयम लई हुई जाण।
तप करी देह झोंसी पहुँती छ निर्वाण॥

७६—नंदादिक तेरह, श्रेणिक नृप नी नार।
सगली चंदनबाला पे लीधो संयम भार॥

७७—एक मास संथारे पहुँती मुक्ति मंझार।
ए नेवुं जणा नो अंतगड मां अधिकार॥

७८—श्रेणिक ना बेटा जाली' आदिक तेवीस।
वीर पे व्रत लई ने पाल्या विसवावीस॥

७९—तप कठिन करीने पूरी मन जगीश।
देवलोक पहुँत्या मोक्ष जासे तजी रीश॥

८०—काकंदी नो धन्नो तजी बत्रीसे नार।
महावीर समीपे लीधो संयम भार॥

८१—करी छठ छठ पारणा आयंबिल उज्झित आहार।
श्री वीर वखाण्या धन्य धन्नो अणगार॥

८२—एक मास संथारे सर्वार्थ सिद्ध पहुँत।
महाविदेह क्षेत्र मां करसे भव नो अंत॥

८३—धन्ना नी रीत हुआ नवे संत।
श्री अनुत्तरोववाई मां भाखि गया भगवंत॥

८४—सुबाहु प्रमुख पाँच पाँच सौ नार।
तजी वीर पे लीधा पाँच महाव्रत सार॥

८५—चारित्र लईने पाल्या निरतिचार।
देवलोक पहुँत्या सुखविपाक अधिकार॥

८६—श्रेणिक ना पोता, 'पौमादिक' हुआ दश।
वीर पे व्रत लेई ने, काढ्यो देहनो कस॥

८७—सयम आराधी, देवलोक मां जई वस।
महाविदेह क्षेत्र मा, मोक्ष जासे लई जस॥

८८—बलभद्र ना नंदन, 'निषधादिक' हुआ बार।
तजी पचास अतेउरी, त्याग दियो ससार॥

८९—सहु नेमि समीपे, चार महाव्रत लीध।
सर्वार्थसिद्ध पहुँत्या, होसे विदेह सिद्ध॥

९०—'धन्नो' ने 'शालिभद्र', मुनीश्वरों नी जोड।
नारी ना बधन, तत्क्षण नाख्या तोड॥

९१—घर कुटुम्ब कबीलो, धन कंचन नी कोड़।
मास मास खमण तप, टाल से भवनी खोड॥

९२—श्री 'सुधर्म' स्वामी ना शिष्य, धन्य धन्य 'जबू' स्वाम।
तजी आठ अतेउरी, मात पिता धन धाम॥

९३—'प्रभवादिक' तारी, पहुँत्या शिवपुर ठाम।
सूत्र प्रवर्तावी, जग मा राख्यू नाम॥

९४—धन्य 'ढढण' मुनिवर, कृष्ण राय ना नद।
शुद्ध अभिग्रह पाली, टाल दियो भव-फद॥

९५—वलि 'खदक' ऋषिनी, देह उतारी खाल।
परीषह सहीने, भव फेरा दिया टाल॥

९६—वलि 'खदक' ऋषिना, हुआ पाच सौ शीस।
घाणी मा पील्या, मुक्ति गया तज रीष॥

९७—'सभूतिविजय' शिष्य, 'भद्रबाहु' मुनिराय।
चौदहपूर्व धारी, 'चन्द्रगुप्त' आण्यो ठाय॥

९८—वलि 'आर्द्रकु वर' मुनि, 'स्थूलभद्र' 'नदिषेण'।
'अरणक' 'अइमुत्तो', मुनीश्वरों नी श्रेण॥

९९—चौवीसे जिन ना, मुनिवर सख्या अठावीस लाख।
ऊपर सहस अड़तालीस, सूत्र परपरा भाख॥

१००—कोई उत्तम वांचो मोंहि अपछा राख।
उणासे मुख बोल्यां पाप कमें इम भाख॥

१०१—धन्य 'मरुदेवी माता ध्यायो निर्मल ध्यान।
गज होदे पायो निर्मल केवलज्ञान॥

१०२—धन्य आदीश्वरनी पुत्री 'ब्राह्मी 'सुन्दरी दोय।
चारित्र लेने मुक्ति गई सिद्ध होय॥

